हममें से बहुत लोगों की भान्ति उन्हें भी महात्मा गांधी के नेतृत्व में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ । उनमें अनुशासन की मात्रा इतनी थी कि उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के बारे में एक सुझाव दिया जो गांधी जी को स्वीकृत नहीं था परन्तु अखिल भारतीय कांग्रेस समिति उनके हित में थी और गांधी जी चाहते थे कि समिति उस बात से पीछे हट जाये तो एक वफादार सिपाही की भांति उन्होंने महात्मा गांधी की बात को मान लिया। यह मैं इसलिये कह रहा हूँ कि उन्हें सदा विद्रोही कहा जाता है परन्तु उनमें अनुशासन इतना अधिक था। इस सदन में तथा बाहर देश में उन्होंने ऐसा कार्य किया कि जब वह किसी कार्य को अपने हाथ में लेते और उसे नया मोड़ देते तो वह भिन्न दिखाई देने लगता। इसी कारण उन्होंने जब वह इस सभा में आये तो भुखमरी की एक नई परिभाषा दी और उसका अर्थ एक नये रूप में समझा जाने लगा ।

डा० लोहिया अपरिपक्क आयु में ही स्वर्गवासी हो गये और प्रधान मंत्री ने ठीक ही कहा है कि यह सदन वैसा नहीं रहेगा जैसा उनके जीवित रहते था । हम तथा सारा देश उनके निधन पर संवेदना प्रकट करते हैं ।

श्री पाटिल यहाँ एक सदस्य थे और स्वतन्त्र दल के एक अच्छे सदस्य थे। वह मैसूर में विधान सभा के सदस्य रहे थे तथा वहाँ की क्षेत्रीय संस्थाओं में लोगों की सेवा की।

पंडित नीलकंठ दास हमारे एक सहयोगी थे । हम इस सभा में श्री भूला भाई देसाई के नेतृत्व में साथ आये। वह सदन में हमारे दल के एक सचिवों में से थे । हम उन दिनों में अंग्रेजों के विरुद्ध इस ओर बैठते थे। वह एक बड़े क्रान्तिकारी थे । वह एक कवि तथा उड़िया के बड़े लेखक थे। उन्होंने उड़िया साहित्य तथा भाषा के विकास में बड़ा योगदान दिया। उन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उनकी भाँति इस प्रकार का बलिदान केवल आंध्र प्रदेश के श्री प्रकाशा ने किया ।

फिर, श्री एच० पी० चटर्जी का नाम है । हममें से ऐसे बहुत कम व्यक्ति हैं जो वृक्षों तथा जंगलों से उनकी भाँति प्यार करते हैं । जब वह अपना अन्तिम भाषण यहाँ दे रहे थे जिसका सम्बन्ध वृक्ष विकास से था तो मुझे पुराने ऋषियों की याद आई । एक पुराने ऋषि की भांति ही उनका आचरण तब रहा जब उनके इकलौते बेटे का निधन हुआ जब पाकिस्तान ने 1965 में हमारे देश पर आक्रमण किया। हमने उनके बेटे के निधन पर भी शोक किया था परन्तु

श्री चटर्जी प्रसन्न थे कि उनकी दूसरी नसल को भी बलिदान करने का अवसर मिला । वह बहादुर लोगों में से एक थे ।

डा० के० बी० मेनन बहुत ही सज्जन व्यक्ति थे । वह जब आधे अन्धे थे तब भी हमारे साथ थे । उन्होंने सिविल स्वतंत्रताओं के बारे में संग्राम किया । वह स्वतन्त्रता के एक सच्चे सिपाही थे ।

सर्वश्री शिवंजप्पा, दूबे, महागाँवकार तथा शुक्ल सब हमारे सहयोगी थे । उन सब का निधन हो गया है । हम इन सब देशभक्त सहयोगियों के निधन पर शोक प्रकट करते हैं। अपने दल की ओर से मैं चाहता हूँ कि दुःखी परिवारों को संवेदना संदेश भेज दिये जायें ।

Shri A. B. Valpayee (Balrampur). Mr. Speaker, one by one the lamp posts of old generation are falling and our guides are going away from us and have left the boat of this country in the storm. We bow our heads to them who spent their lives in jails, led difficult, lives and contributed for the development of India whose names have been mentioned by you.

I heard the news of the death of Dr. Lohia when I was in Bangkok. With me there were Shri Solanki of Swatantra Party and Ch. Ram Sewak of Congress Party. For a moment we were crest-fallen and forgot ourselves and loss in grief. We had never thought that a leader who had taken part in all struggles and sacrifices and who would encourage all types of struggle against injustice would lose the battle of life so soon. Perhaps there was some negligence in his treatment. Dr. Lohia was a great patriot, a leading leader in the freedom struggle, an original thinker and a great revolutionary. He had a unique personality and was full of diversities and full of many sided talents. He himself was a topic of debate and would take delight in raising new debates. He was a born rebel and it became his habit to bewage rebellion. He gave a new direction to the life of the nation. He wanted to bring about a new regime and a new administration. One may disagree with his views but he had a burning fire for the downtrodden and influenced those who came near him.

Mr. Speaker, Dr. Lohia's place will remain perhaps unfulfilled. Although he was a socialist yet he was against officialdom. He would criticise both old and new capitalists as well as old and new rulers. He was against English and criticised those who were against the regional languages. He gave new names to Everest and called it Sagarnatha, called Nefa as Urvasiyan. He never spared anyone in criticism whether he belonged to his own party or to other parties and yet he would embrace all of them. Death has taken him away from us but his spirit is immortal and he advocated confederation of India and Pakistan, freedom for Tibet, free Pakhtoonistan. He wanted removal of all inequalities based on birth or family. We, have inherited from him respect for regional languages. Those dreams of his are our belongings now. Other greatest tribute to him will be to accomplish his ideals.

श्री मनोहरन (मद्रास उत्तर) : अध्यक्ष महोदय अपने दल की ओर से मैं डा० लोहिया तथा दिवंगत सदस्यों के बारे में जो विचार सदन के नेता ने व्यक्त किये, उनसे सहमति प्रकट करता हूँ ।

यह दुःख की बात है कि यह देश अपने सुन्दरतम सपूतों को खो रहा है । यद्यपि यह प्राकृतिक नियम है परन्तु जो स्थान रिक्त होते हैं उनकी पूर्ति कठिन है ।

डा० लोहिया, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के संग्राम में एक ऐतिहासिक भाग लिया, आज हमारे बीच नहीं हैं ।

डा० लोहिया एक विचार तथा एक दर्शन का प्रतिनिधित्व करते थे । वह अन्तोगत्वा एक संस्था बन गये । वह निडर आलोचक तथा कड़वे थे परन्तु फिर भी "मानव" थे ।

वह सिद्धान्त के बारे में कोई समझौता नहीं करते थे। कई बार ऐसा दिखाई देता था कि उनसे निबटना कठिन है । वह जन साधारण के नेता थे तथा उनसे कोई सम्बन्ध नहीं रखते थे जो जन साधारण से अलग हों । उनके शब्द कड़वे प्रतीत होते होंगे, उनकी आलोचना व्यक्तिगत प्रतीत होती होगी परन्तु उनकी नीयत पवित्र थी और उनका कार्य देश के लोगों की भलाई में व्यतीत हुआ । जो तरीके उन्होंने अपनाये उनकी आलोचना हो सकती है तथा क्रोध भी उत्पन्न होता होगा परन्तु उन्होंने जो अन्तिम रास्ता अपनाया उसमें कोई विवाद नहीं ।

सरकार ने पूरा प्रयास किया तथा अनुभव वाले डाक्टरों से चिकित्सा कराई परन्तु हम डा० लोहिया को नहीं बचा सके। हमें डा०लोहिया के सिद्धान्तों को नया जीवन देना चाहिये तथा ठोस शक्ल देनी चाहिये ।

अपने दल की ओर से मैं अपने इन सभी सहयोगियों के परिवारों को संवेदना संदेश भेजना चहता हूँ ।

Shri Yogendra Sharma (Begusarai) ; Mr. Speaker, We the members and our party associate with the sentiments expressed by the leader of the House to late Dr. Ram Manohar Lohia, Shri H. P. Chatterjee and the other departed souls. Dr. Ram Manohar Lohia was an extraodinary and a fearless fighter in the struggle for national independence. He was one of the symbols of the movement of the socialistic ideas in India and was the hope for the exploited. We could not believe his untimely death. I have been in personal contact with him since those days when he was organising the youths under the non-co-operative movement against the British Rule within the Congress Socialist Party.

I remember that in 1936 I used to participate as a student in the Socialist Study Organisation under the guidance of the Congress-Socialist Party. Dr. Lohia used to be our professor at that time. Since then till his death he endeavoured hard to make the country strong through simplicity, equality and in the spirit of Swadeshi.

He played a very important role in the 'Quit India Movement'. He inspired lakhs of young men to participate in the National Movement and lakhs of youngmen participated in this movement after sacrificing everything. He raised his voice against injustice, poverty, and exploitation and gave hope to the weaker sections that they could free themselves of these by organised action. The people of India would be grateful to him for those acts.

He got a great deal of success towards showing a new path of change and progress in this country after the last general elections through his efforts to unite the progressive forces and make them agree on a minimum programme of action. He had been consulting and advising his colleauges till the end of his life. Inspite of differences he had been trying to agree with their views. Two to four days before the conclusion of the last session he told me that people of his age group were at the last stage of their life and they wanted that their dream might be fulfilled. Would our dream of constructing socialistic flourishing and strong India be fulfilled ?

In order to fulfil that dream it is necessary to start a new chapter of not only political changes, but of economic and social changes also in the country and in the Parliament by people of revolutionary views with unity on the basis of minimum programme. Today, our last tributes to him would be to give a concrete shape to his aspiration. In his last

meeting, in addition to other things he told me that if on the basis of prescribed programme united front is not formed by all the progressive powers, then at least the Samyukat Socialist Party and Communist Party of India should unite. If it happens, there comes a great change in the country and the progressive forces are strengthened.

Shri H. P. Chatterjee was an old and brave freedom fighter. He fought throughout his life for the cause of independence. He devoted his entire life to the service of the people. He even sacrificed his son for the safety of the country. I offer tributes to that patriot on behalf of my party and express sentiments of sorrow, and I also associate myself with the sentiments expressed here by the other friends here and mourn the loss of all others.

Shri Madhu-Limaye (Monghyr) : Mr. Speaker, Dr. Ram Manohar Lohia is no more with us. Our public life has become lifeless due to his untimely demise. This House has lost its charm and loneliness has come in our life and I do not think that it would be possible to fulfil that gap.

Dr. Lohia played an important role in our struggle for independence. He was one of the leading figures who had built up opposition to British oppression in 1945 after the arrest of Mahatma Gandhi and other members of the Congress Working Committee. He was deadly against the partition of the country . He was of the view that till Goa and Pondicherry were liberated and a democratic social order was established in Nepal, Tibet, Sikkim and Bhutan, India's struggle for independence would not be complete. Dr. Lohia was first to initiate to bring democratic revolution in Nepal and to get Goa liberated. He was arrested in Goa twice and I think that but for Mahatma Gandhi he has to remain in prison for years. Similarly, in order to remove isolation in Nefa, he had to resort to Civil Disobedience Movement.

He had to fight for the cause of the poor and downtrodden and had to undergo imprisonment 18 times even after independence. He not only had that national sentiments but he had the dream of public welfare also. He dreamt of a world in which any person could go anywhere in the world without any passport and he should have full liberty to live or die in the place of his choice. He not only raised his voice against the injustice done to the negroes in America but he resorted to Civil Disobedience Movement and was arrested there. But the American Government woke up and he was set free.

Dr. Lohia abhorred regionalism and parochialism. On the one hand he was of the view that nationality should be the basis of our politics. He was of the view that so long as there have been sovereign states and the boundaries in the world, we should not allow any foreigners to occupy our land. He very well knew that at last we have to establish a world Government which would not include the representatives of sovereign nations, but it would consist of the people's representatives like Lok Sabha.

He was one of the founders of the socialist movement in our country and imported new ideas to socialist thinking. He was the first socialist leader who laid emphasis on the struggle for removal of caste system along with the class struggle. He was of the view that French Revolution have given an idea of equal opportunity and equality before law, but by applying the principles of special opportunity we should establish social equality besides economic equality in India. Therefore, at the time of formation of non-Congress Governments in States he always recommended that sixty per cent of our representatives in the Cabinets should be from backward classes.

After independence Dr. Lohia insisted on the use of national language in our public life, Government work in courts and the Universities. He was accused of imposing Hindi on non-Hindi speaking areas, but he was opposed to the domination of English over the

people. He wanted that Hindi should be used in all the spheres. He was in favour of removing the statutes of English Governors. He was against names of Clive Street, Dalhouise Street, but he was not against Shakesperare and Barnard Shaw. He stood for a synthesis of nationalism and world-brotherhood.

He stood for putting an end to pomp and show, luxury and extravagance which had crept in our public life after independence and wanted to usher in an era of simplicity, equality, hard work and sacrifice.

During the last days of his life he gave emphasis on unification of socialist forces. He was of the view that Congress Party should be dissolved after independence as suggested by Mahatma Gandhi. When the question of formulating alternative Governments was raised he advised the opposition parties to form programme-oriented and not power-oriented Governments. If these Governments do not try to fulfil the definite programme within a definite time, he did not think it proper to remain in that Government. Therefore, he said that whether it may be Uttar Pradesh, Bihar or other States, where our party members are ministers, they should try to make that Government's work programme-oriented.

He has been accused of following destructive politics. I admit that there was some sign of destructiveness in his politics, but it was for removing evils that crept into politics and for adopting good qualities. It was the principle of his life and, therefore, he was not satisfied with the work of the alternative non-Congress Governments and he wanted that these Governments should be programme-oriented.

It would be impossible be fill the gap created by his death. He had set before us an example of austerity and sacrifice which would continue to inspire us.

I also pay tributes to other colleagues who had passed and express sorrow for the members of the families of the deceased.

श्री० अ० क० गोपालन (कासरगोड़) : आज जो भी सदस्य बोले हैं उनके साथ मैं भी अपने दल की ओर से दिवंगत आत्माओं के प्रति सम्वेदना प्रकट करता हूँ। मैं इस सम्बन्ध में संक्षेप में बोलूँगा और जो कुछ पहले कहा जा चुका है उसको नहीं दोहराऊँगा।

डा० लोहिया के निधन से देश को महान क्षति हुई है और संसद की इससे भी अधिक हानि हुई है। मैं और डा० लोहिया राष्ट्रीय आन्दोलन के प्रारम्भिक दिनों से ही राष्ट्रीय कांग्रेस, कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी और इसके बाद भी साथ-साथ रहे हैं। यद्यपि हमारी नीति एक दूसरे से भिन्न थी, परन्तु हम जन साधारण की भलाई के लिये साथ-साथ कार्य करते रहे। डा० लोहिया की मृत्यु से मुझे व्यक्तिगत हानि हुई है क्योंकि जब कभी भी कोई विवादास्पद मामले होते थे तो डा० लोहिया मुझे, संसद सदस्य होने के नाते बुलाया करते थे और मुझसे उन मामलों पर विचार-विमर्श किया करते थे। वह इतने स्नेही थे कि न केवल मैं बल्कि दूसरे विपक्षी दल के सदस्य उनको ध्यानपूर्वक सुनते थे। यद्यपि इनकी भाषा कठोर होती थी तथापि जो लोग उन्हें नहीं समझ पाते थे वे यह नहीं जानते थे कि पददलित लोगों के प्रति अपनी उत्कंठ भावनाओं तथा मानव के दुखों को दूर करने के अपने संकल्प के कारण ही वह कड़ी भाषा का प्रयोग करते थे। डा० लोहिया विपक्षी दलों को जोड़ने वाली एक महान शक्ति की भाँति थे। जैसा कि मेरे माननीय मित्र श्री मधु लिमये ने कहा मुझे उनकी व्यक्तिगत मित्रता, उनकी सच्चरित्रता, स्नेह और मौलिक विचारों का अनुभव है।

डा० के० एस० मेनन हमारे साथ दूसरी लोक सभा के सदस्य थे। संसद के अतिरिक्त भी हम केरल में साथ-साथ कार्य करते थे। वह समाजवाद के प्रति आस्था रखने वाले निष्ठावान कार्यकर्ता थे।

श्री एच० पी० चटर्जी के सम्बन्ध में हम सब जानते हैं। वह निर्भीक योद्धा थे। यह आश्चर्यजनक बात है कि परसों उनकी मृत्यु मुझसे मिलने के कुछ ही घन्टों बाद हुई।

मैं अपने दल की ओर से तथा दूसरे मित्रों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और दूसरे व्यक्तियों, जिनका नाम उल्लेख किया गया है, के लिये शोक प्रकट करता हूँ।

श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी (केन्द्रपाड़ा) : सभा में दिवंगत आत्माओं के प्रति समवेदना और श्रद्धा के जो विचार प्रकट किये गये हैं उनके साथ मैं और मेरा दल भी शामिल है। यह बहुत दुःख की बात है कि आज बहुत से व्यक्तियों की दुखद मृत्यु से उत्पन्न हुए शोक के वातावरण में संसद का अधिवेशन आरम्भ हुआ है। इन परिस्थितियों में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि देकर सभा को स्थगित करना उचित होगा।

डा० लोहिया सच्चे शब्दों में न केवल एक सच्चे मित्र, समाजवादी योद्धा परन्तु एक महान विचारक और प्रगतिवादी व्यक्ति थे। जबसे वह समाजवादी कार्यकर्ता के हैसियत से भारतीय राजनीति में आये, मुझे उन्हें जानने का सौभाग्य प्राप्त था। हम आपस में विचार-विमर्श किया करते थे। वह समाजवादी समाज के दृष्टा थे जो परम्परा से भिन्न हों लेकिन उसकी सम्पूर्ण विचारधारा इस बात पर आधारित थी कि हर प्रकार की दासता का विरोध किया जाये। वह सामाजिक और आर्थिक असमानताओं और देश में राजनीतिक अस्थिरता के कारण चिन्तित रहा करते थे। अतः वह अपनी आलोचना और कार्यक्षेत्र में निर्भीक रहते थे। वह अपने सहयोगियों में भी अधीर रहते थे। हमारे देश में उनके जैसी भावना अब नहीं मिलती। उनके निधन से जो एक स्थान रिक्त हो गया है वह कभी नहीं भरा जा सकेगा। मुझे आशा है और विश्वास है कि इस देश की युवक पीढ़ी पददलित लोगों को उठाने के लिये मिलकर कार्य करेगी ताकि समाज के सामाजिक रूपान्तर के लिये नई क्रान्ति लाई जा सके।

श्री एच० पी० चटर्जी, जिन्हें हम सब जानते हैं, एक साहसी और उत्साही नेता थे। बहुत ही कम व्यक्ति ऐसे हैं जिन्होंने अपने जीवन में इतने बलिदान किये हों। पिछले भारत-पाक युद्ध में उनके पुत्र की मृत्यु हो गई थी। जब हममें से किसी ने उनसे यह खबर छिपाने का प्रयत्न किया और अन्त में जब उन्हें पता लगा तो उन्होंने कहा कि मेरा बेटा देश की स्वतन्त्रता और अखंडता के लिये एक सिपाही की भाँति वीरगति को प्राप्त हुआ। वह इससे चिन्तित नहीं थे। हममें से जो सदस्य उनसे मिले थे उन्होंने उनसे कहा कि आप मेरे घर जाइये और मेरे परिवार के सदस्यों को सांत्वना दीजिये। जहां तक मेरा सम्बन्ध है, मैं तो केवल उन्हें इतना ही बताने का भरसक प्रयत्न करूँगा कि मुझे पुत्र की मृत्यु से कुछ हानि नहीं हुई। इस प्रकार के अवसर पर इस प्रकार की कठोर भावना का हमारे देश में हममें से बहुत कम लोग ही परिचय दे सकते हैं।

डा० के० बी० मेनन न केवल इस सदन् के सदस्य थे बल्कि स्वतन्त्रता संग्राम के एक सेनानी और इस देश में नागरिक स्वाधीनता आन्दोलन के आयोजक भी थे। वह केवल राज्यों

के स्वतन्त्रता आन्दोलन से ही सम्बन्धित नहीं थे बल्कि देश के स्वतन्त्रता आंदोलन से सम्बन्धित थे और आरम्भ से ही समाजवादी आन्दोलन से उनका सम्बन्ध था । वह एक हस्ती थे कि जब कभी हम नागरिक स्वतन्त्रता के प्रश्न पर विचार करते हैं तो हमें स्वतः उनके व्यक्तित्व का स्मरण हो जाता है जब वह इस सभा के सदस्य थे। उन्होंने सदा संसद में तथा इससे बाहर भी दलित व्यक्तियों एवं नागरिक स्वतन्त्रता के पक्ष में आवाज उठाई ।

पंडित नीलकंठदास राष्ट्रवादी आन्दोलन में प्रमुख थे । वह कई प्रकार से उड़ीसा में सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और राजनीतिक क्षेत्रों में अग्रणी थे । वह पुरानी केन्द्रीय विधान सभा के, जिसके नेता श्री भोलाभाई थे, सदस्य थे । न केवल भारतीय राजनीति बल्कि भारतीय संस्कृति और साहित्य में उनका योगदान चिरकाल तक स्मरणीय रहेगा। यद्यपि उनका देहान्त वृद्ध अवस्था में हुआ, लेकिन वह हमारे लिये एक उदाहरण छोड़ गये हैं, जिसका हमें स्मरण और पालन करना चाहिये। यहाँ प्रकट किये गये विचारों से मैं सहमत हूँ । जहां तक दूसरे दिवंगत सदस्यों का प्रश्न है मुझे आशा है आप हम सब के संवेदना संदेश दुखी परिवार को पहुँचायेंगे । परन्तु जहाँ तक डा० लोहिया का सम्बन्ध है, उनके दाह-संस्कार और उनके व्यक्तिगत जीवन से यह बोध होता है कि वह भिन्न मतावलम्बी थे । आज जब हम उनकी मृत्यु पर शोक प्रकट कर रहे हैं तो उनके किसी परिवार के सदस्य को कोई संदेश भेजने का अवसर नहीं है । समस्त देश को उन्हें अपने पुत्र के समान समझना चाहिये और उनकी मृत्यु पर शोक प्रकट करना चाहिये ।

श्री फ्रैंक अन्थनी (नामनिर्देशित आंग्ल भारतीय) : अध्यक्ष महोदय, हमारे अनेक महान सहयोगियों के निधन पर जो विचार प्रकट किये गये हैं, उनसे स्वतन्त्र संसदीय दल सहमत है ।

मैं डा० लोहिया के सम्बन्ध में विशेष रूप से कुछ शब्द कहना चाहूँगा। मैं उनको बहुत अच्छी तरह जानता था । मैं उनके कुछ विचारों और कार्यों से सहमत नहीं था ।

चाहे कोई भी उनके विचारों और कार्यों से सहमत न हो, परन्तु उनके व्यक्तिगत स्वभाव की प्रसंशा किये बिना नहीं रह सकता । डा० लोहिया, का जो रूप हमें उनके सार्वजनिक जीवन में देखने को मिला वह निसन्देह एक विद्रोही का रूप था । जैसा कि मेरे मित्र श्री सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी ने कहा कि वह भिन्न मतावलम्बी थे । डा० राम मनोहर लोहिया पर चाहे जो भी आरोप लगाया जाये पर कोई भी यह आरोप नहीं लगा सकता कि उनके विचारों और कार्यों में मौलिकता नहीं थी । मैं जब भी उनसे मिला मैंने उन्हें मुस्कराता पाया । उनमें ईर्ष्या नहीं थी । और गुणों के अतिरिक्त उनमें न केवल देश भक्ति के प्रति आकर्षित होने की विशेष क्षमता थी बल्कि उनमें स्नेह की भावना भी थी ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आप से अनुरोध करूँगा कि हमारे सम्वेदना संदेश विक्षुब्ध परिवार के सदस्यों को पहुँचा दें ।

श्री नि० चं० चटर्जी (बर्दवान) : सभापति महोदय, मैं अपनी ओर से तथा अपने ग्रुप की ओर से श्रद्धान्जलि अर्पित करता हूँ । आज हमें एक विपत्ति का सामना करना पड़ रहा है । डा० लोहिया हमारे बीच में नहीं रहे हैं । इससे हमारी अभूतपूर्व हानि हुई है । वह न केवल हमारे स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी थे बल्कि हमारे देश की पददलित जनता के शुभचिन्तक थे । वह हिन्दी के महान समर्थक थे । इसके साथ-साथ वह प्रादेशिक भाषाओं का विस्तार तथा प्रगति चाहते थे । बंगाल के युवक उन्हें अपना नायक समझते थे । वह मेरे

चुनाव के समय मेरे क्षेत्र में आये थे और उन्होंने मेरे समर्थन में बहुत से स्थानों पर बंगाली भाषा में भाषण किये थे। उन्होंने अपने जीवन का बहुत सा भाग बंगाल में बिताया था। जब कभी हमें उनकी सहायता की आवश्यकता हुई उन्होंने हमारी सहायता की। हम उनकी सेवाओं को कभी नहीं भूल सकते। जब कभी कोई संकट खड़ा हुआ, उन्होंने देश का मार्गदर्शन किया।

हमारे एक और मित्र श्री हरिपद चटर्जी भी हमें छोड़कर चले गये हैं। वह एक महान व्यक्ति थे। श्री चटर्जी के एक ही पुत्र थे, श्री अभिजित चटर्जी, जो हमारी वायुसेना में अधिकारी थे और उन्होंने पाकिस्तान के आक्रमण के समय अपना जीवन न्योछावर कर दिया था। हमें ऐसे नवयुवकों पर गर्व है। श्री हरिपद चटर्जी किसी भी प्रकार का अनुचित लाभ उठाने वाले व्यक्ति नहीं थे। उन्होंने अपनी विधवा बहू, जो कि एक योग्य महिला है, के लिये किसी प्रकार की सहायता नहीं माँगी।

उन्होंने जीवन पर्यन्त देश की सेवा की और देश के उत्थान कार्य में व्यस्त रहे। हम उस महान देशभक्त, जिसने देश सेवा में सर्वस्व लगा दिया, को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। मैं उन माननीय सदस्यों के प्रति भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिनकी मृत्यु हो गई है।

Shri Prakash Vir Shastri (Hapur) : I pay my tribute to the memory of those members who have passed away. It is unfortunate that four sitting members have passed away during this last inter-session period. It is very shocking indeed.

Dr. Ram Manohar Lohia was not only the top leader of socialist movement in India but he was a vigilant sentinal of democratic values. In his death Parliament has lost a great Parliamentarian. He was against the partition of India into present India and Pakistan. He did not like both countries spending huge sums of money on defence preparations. He wanted this money to be utilized for economic development. During his last days he expressed sympathy for Khan Abdul Ghafar Khan and wanted that all help should be given to the frontier Gandhi.

I, on behalf of myself and on behalf of other independent Members of Lok Sabha, pay tributes to the departed leaders.

Shri Ram Sewak Yadav (Barabanki) : Sir, the night of October 11, 1967 will go down as a gloomiest night in the history of India. It was during this night that Dr. Ram Manohar breathed his last. We are paying tributes to Dr Lohia. It would the greatest tribute to him if we follow the principles for which he fought throughout his life. He was the leader of the poor masses of our country. He had no attachment for property. I offer my tribute to those also who have died during the last inter-session period.

अध्यक्ष महोदय : उक्त दिवंगत सदस्यों की स्मृति के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में सदस्य थोड़ी देर तक मौन खड़े रहेंगे।

इसके पश्चात् सदस्य थोड़ी देर तक मौन खड़े रहे।

The Members then stood in silence for a short while.

अध्यक्ष महोदय : दिवंगत सदस्यों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिये सभा अब स्थगित की जाती है।

इसके पश्चात् लोक सभा मंगलवार, 14 नवम्बर, 1967/23 कार्तिक 1889 (शक) के ग्यारह बजे तक के लिये स्थगित हुई ।

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, November 14, 1967 *Kartik* 23, 1889 (*Saka*)

Printed by Job Printers, 119, Swami Vivekanand Marg, Alld.